

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**171/2026***

### राज्यपाल ने रक्षाबंधन के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 27 अगस्त, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि रक्षाबंधन का यह त्योहार भाई–बहन के पवित्र और प्रगाढ़ प्रेम का प्रतीक है। राखी प्रेम और विश्वास का वह धागा है जो बहनों को भाइयों से जोड़ता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति के इस अनूठे पर्व के अवसर पर हमें महिलाओं के सम्मान और रक्षा का संकल्प लेने के साथ–साथ नारी सशक्तीकरण हेतु सार्थक प्रयास करना चाहिए।

...............................................